आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 24.07.2025 समय : 1850

<><><><><><><><>

- भारत और ब्रिटेन ने आज ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कई वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद समझौता सम्पन्न हुआ।
- अंडमान पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स का प्रतिनिधिमंडल बैंगलुरू के आई आई टी एम पहुंचा।
- औद्योगिक इकाइयों के लिए सी टी ओ प्राप्त करने की समय सीमा इक्कतीस अक्टूबर तक बढ़ाई गई।
- छोलदारी पी एच सी में परिवार विकास मेला का आयोजन हुआ। स्वास्थ्य अधिकारियों ने जनसंख्या नियंत्रण के बारे में जागरूक किया।

<><><><><><><><>

भारत और ब्रिटेन ने आज ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए। यूके में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन के प्रधान मंत्री कीर स्टार्मर के साथ समझौते के बाद कहा कि आज का दिन भारत और ब्रिटेन के द्विपक्षीय सम्बन्धों के लिए ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि कई वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता सम्पन्न हुआ है। इस व्यापार समझौते से सभी क्षेत्रों में भारतीय वस्तुओं के लिए व्यापक बाज़ार पहुंच सुनिश्चित होने की उम्मीद है। इस व्यापार समझौते से वर्ष दो हजार चालीस तक भारत को ब्रिटिश निर्यात में साठ प्रतिशत की वृद्धि होगी। यह समझौता "दीर्घकालिक साझेदारी के लिए एक आधारशिला" है, जो ब्रिटिश कंपनियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विस्तार करने में सक्षम बनाएगा। प्रधान मंत्री श्री मोदी ने कहा कि यह समझौता मात्र आर्थिक साझेदारी नहीं, बल्कि साझा समृद्धि की योजना है। इस समझौते से भारतीय टेक्सटाइल्स, फुटवियर, रत्न और जेवरात, समुद्री भोजन और इंजीनियरिंग वस्तुओं को यूके में बेहतर बाजार मिलेगा।

<><><><><><><><>

अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स आज से बेंगलुरु में होने वाले इंडिया इंटरनेशनल ट्रैवल मार्ट में भाग ले रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अरुणाचल प्रदेश के पर्यटन मंत्री पासंग दोरजी सोना ने किया। ए एटी ओ के अध्यक्ष एम. विनोद प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किए गए हैं। श्री विनोद ए एटी ओ के बीस से अधिक सदस्यों वाले एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं जिसका उद्देश्य अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की अनूठी पर्यटन प्रस्तुतियों को बढ़ावा देना है जिसमें इको–पर्यटन, साहसिक गतिविधियाँ, सांस्कृतिक विरासत और प्राचीन प्राकृतिक सौंदर्य शामिल हैं।

<><><><><><><><>

पी एम विकसित भारत रोजगार योजना के हितधारकों के बीच जागरूकता फैलाने और उसका प्रसार करने के लिए पिछले दिनों श्रम आयुक्त कार्यालय में नोडल अधिकारी कौशिक रॉय के साथ अन्य अधिकारियों ने एक इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया। श्री रॉय ने योजना के विवरण पर विस्तार से प्रकाश डाला और प्रतिभागियों से रोजगार सृजन को अधिकतम सीमा तक लागू करने और प्रधानमंत्री विकासशील भारत रोजगार योजना के तहत लाभ उठाने का अनुरोध किया। इस योजना का लाभ एक अगस्त दो हजार पच्चीस से इक्कतीस जुलाई दो हजार सत्ताईस के बीच रोज़गार सृजन करने वालों को मिलेगा। सत्र के दौरान, श्रम आयुक्त एवं डी ई टी, के.श्रीनिवास राव ने योजना के प्रावधानों पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><><>

अंडमान और निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति ने बिना पूर्व प्रदूषण मंजूरी के स्थापित औद्योगिक इकाइयों के संचालन को नियमित करने की समय सीमा बढ़ा दी है। ए एन पी सी सी ने पाया है कि द्वीपसमूह में कई औद्योगिक इकाइयाँ आवश्यक प्रदूषण अनुमतियाँ प्राप्त किए बिना स्थापित और संचालित हो रही हैं। यह नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। ए एन पी सी सी ने स्पष्ट कर दिया है कि इकत्तीस अक्टूबर के बाद इकाइयों से कोई भी सी टी ओ आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसलिए स्थापना से पहले सी टी ई प्राप्त करें। सभी हितधारकों और औद्योगिक उद्यमियों के यह जानना आवश्यक है कि उद्योग स्थापित करने से पहले सी टी ई और संचालन शुरू करने से पहले सी टी ओ प्राप्त करना एक वैधानिक आवश्यकता है। दोनों सहमति के लिए आवेदन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा होने चाहिए अन्यथा पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, उन्नीस सौ छियासी के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><><>

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छोलदारी में परिवार विकास मेला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक भवन में "माँ बनने की उम्र वही, जब तन और मन की तैयारी सही" थीम पर फोकस किया गया। जनसंख्या नियंत्रण, परिवार नियोजन एवं प्रजनन के बारे में जागरुक किया गया। विभिन्न परिवार नियोजन विधियों, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, महिलाओं और बच्चों के लिए सस्ती एवं आसानी से उपलब्ध सब्ज़ियों और फलों के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के अवसर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सा अधिकारी (होमियो) डॉ. स्मिता नारायण और अंडमान एवं निकोबार प्रशासन की स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. सुजा एंटनी उपस्थित रहीं। उप निदेशक (परिवार कल्याण) डॉ. एच.एम. सिद्धाराजू ने "माँ बनने की उम्र वही, जब तन और मन की तैयारी सही" के नारे के महत्व के बारे में समझाया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के बीच एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई और उन्हें नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में सौ से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सहयोग से आयोजित किया गया। परिवार कल्याण के उप निदेशक डॉ. एच.एम. सिद्धाराजू ने आकाशवाणी श्री विजयपुरम् से कहा कि परिवार विकास मेला के माध्यम से हम पूरे अंडमान–निकोबार द्वीप समूह में जागृति का संचार कर रहे हैं।

<><><><><><><><>

ग्राम पंचायत हम्फ्रीगंज में अनियमित जलापूर्ति की लंबे समय से चली आ रही समस्या को दूर करने के लिए, मंगलूटान पंप हाउस के पुराने विद्युत पंप को डीजल पंप से बदल दिया गया। पहले बिजली कटौती के दौरान जलापूर्ति बाधित रहती थी, जिससे निवासियों को भारी असुविधा होती थी। इस पहल से मंगलूटान से धन्नीखाड़ी क्षेत्र के लगभग एक हजार दो सौ परिवारों को लाभ होगा। ग्राम पंचायत हम्फ्रीगंज के प्रधान ने डीजल पंप का उद्घाटन किया और समस्या के त्वरित समाधान के लिए लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग का आभार व्यक्त किया।

<><><><><><><><>

स्कूल ऑफ नर्सिंग शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस की काउंसलिंग की तारीख तीस जुलाई होनी है। काउंसिलिंग सुबह साढ़े नौ बजे से स्कूल ऑफ नर्सिंग, जी.बी पंत अस्पताल, श्री विजयपुरम के परिसर में आयोजित की जाएगी । काउंसलिंग सत्र में उपस्थित होने वाले सभी दस्तावेज साथ लेकर आएं। पाठ्यक्रम में चयन और प्रतीक्षा सूची के लिए काउंसलिंग में भाग लेना अनिवार्य है।

<><><><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग, अंडमान एवं निकोबार प्रशासन ने सेल्युलर जेल के लिए स्वतंत्र पर्यटक गाइड के रूप में पैनल में शामिल होने के लिए पात्र स्थानीय उम्मीदवारों से आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि ग्यारह अगस्त तक बढ़ा दी है। संबंधित विवरण वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते है। आवेदन प्रशासनिक खंड, सेल्युलर जेल परिसर, श्री विजयपुरम के कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिले के अंतर्गत ग्राम पंचायत छोलदारी के इच्छुक मछली किसानों के बीच वितरण के लिए तैयार है। इन मछली बीजों का वितरण छब्बीस जुलाई को सुबह नौ बजे किया जाएगा। फ्राई आकार के मछली बीज के प्रत्येक ऑक्सीजनयुक्त पैकेट की कीमत एक सौ पैतीस रुपये है।

<><><><><><><><>